हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 26 सितंबर 2026
सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 बुधनी-गडरिया नाला-शाहगंज मार्ग पर चार माह से बनी थी समस्या...



07 सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाएं...



खबर संक्षेप

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा का दौरा कार्यक्रम

सीहोर। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा 27 सितम्बर को प्रातः 11.30 बजे इछावर तहसील के ग्राम बोरदी पहुंचेंगे और यहां प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत स्वीकृत विधानसभा क्षेत्र की 36 सड़कों के भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

विद्यार्थियों को दी खाद्य मिलावट पहचानने की जानकारी



सीहोर। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग भोपाल द्वारा संचालित चलित खाद्य प्रयोगशाला वाहन के माध्यम से शासकीय हाई स्कूल अलीपुर, आष्टा में विद्यार्थियों के समक्ष खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच की गई। इस दौरान विद्यार्थियों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं मिलावट के प्रति जागरूक किया गया। चलित प्रयोगशाला के माध्यम से खाद्य पदार्थों की जांच की प्रक्रिया विद्यार्थियों को समझाई गई तथा दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान करने के सरल एवं आसान तरीके बताए गए। विद्यार्थियों को खाद्य पदार्थों की स्वच्छता, सुरक्षित रखरखाव तथा साफ-सफाई के महत्व की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को बताया गया कि वे अपने दैनिक जीवन में खाद्य पदार्थ खरीदते और उपयोग करते समय उनकी गुणवत्ता, पैकेजिंग, लेबल एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। साथ ही विद्यार्थियों के माध्यम से आम नागरिकों को भी सही खान-पान, खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया।

सुबह से ही पंडालों में हवन-पूजन और महाआरती का आयोजन किया गया

अगले बरस तू जल्दी आ... जयकारों संग गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन, देर रात तक झूमा सीहोर

टाउन हॉल के पास बने स्टॉप डैम, सीवन नदी घाट और अन्य जल स्रोतों पर देर रात तक प्रतिमा विसर्जन का क्रम चलता रहा।





वीआईपी लोगों के विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर में 12 दिनों से चल रहे गणेश उत्सव का समापन शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी पर श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। सुबह से ही पंडालों में हवन-पूजन और महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। गणपति बप्पा की महाआरती के बाद श्रद्धालुओं ने ₹गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए रवाना किया। पूरे शहर का वातावरण भक्ति और उमंग से सराबोर हो गया।

अनंत चतुर्दशी पर शहर में करीब 200 से अधिक स्थानों से प्रतिमाओं की स्थापना विधि विधान से की गई थी। शुक्रवार को दोपहर बाद से ही श्रद्धालुओं और समितियां के कार्यकलताओं में गाजे-बाजों के साथ चल समारोह निकाल कर भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। टाउन हॉल के पास बने स्टॉप डैम, सीवन नदी घाट और अन्य जल स्रोतों पर देर रात तक प्रतिमा विसर्जन का क्रम चलता रहा। श्रद्धालु पूरी आस्था और भावनाओं के साथ भगवान गणेश को विदाई देने पहुंचे। नगर पालिका की ओर से घाटों पर क्रेन, नाव, गोताखोर और नगर सैनिकों की विशेष व्यवस्था की गई थी। वहीं, नपा ने इस बार समय से पहले घाट निर्माण कर श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखा।

झांकियों व अखाड़ों से सजी रात

शाम ढलते ही नगर में विशाल चल समारोह निकाला गया, जिसमें मनमोहक झांकियों और अखाड़ों ने लोगों का मन मोह लिया। युवाओं की टोली ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य करती हुई विसर्जन जुलूस में शामिल रही। रात कोतवाली चौराहे से शुरू हुआ चल समारोह मेन रोड, लीसा टाकीज, तहसील चौराहा तक पहुंचा।

जगह-जगह बने मंचों से झांकियों और अखाड़ों का स्वागत किया गया। ग्रामीण अंचलों से आए हजारों महिला-पुरुष और बच्चे देर रात तक इन झांकियों का आनंद उठाते रहे।



गणेश विसर्जन के दौरान हादसा, 16 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खड़े हुए सवाल



सीहोर/अहमदपुर। गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान शुक्रवार को सीलखेड़ा से मुंगावली जाने वाले मार्ग पर करीब डेढ़ किलोमीटर आगे स्थित एक खदान में हादसा हो गया। हादसे में सीलखेड़ा निवासी 16 वर्षीय अतुल अहिरवार, पिता अजब सिंह अहिरवार की गहरे पानी में डूबने से मौत होने की जानकारी सामने आई है। बताया गया कि गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए अतुल अन्य लोगों के साथ खदान के पानी में गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी गई। बताया गया है कि सीलखेड़ा से मुंगावली रोड पर करीब डेढ़ किलोमीटर आगे खदान में गणेश विसर्जन के दौरान यह हादसा हुआ है। पुलिस द्वारा मामले की कार्रवाई की जा रही है। हादसे के बाद गणेश विसर्जन के दौरान सुरक्षा इंतजामों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, घटना से जुड़ी विस्तृत जानकारी पुलिस की जांच और आधिकारिक कार्रवाई के बाद ही स्पष्ट होगी। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि जब यह घटना हुई थी तो गांव के लोग बड़ी संख्या में पहुंच गए आधे घंटे की मस्कट के बाद गहरे पानी से युवक को निकाला गया फिर उसे उपचार के लिए निजी वाहन से अहमदपुर ले जाया गया था वहां से उसे दोराहा स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां डॉक्टरों ने उसे मदद घोषित कर दिया वहीं ग्रामीण सील खेड़ा के बता रहे हैं कि इतना बड़ा घटनाक्रम होने के बाद भी पुलिस का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं था इस कारण यह हादसा हुआ है सारे काम होने के बाद पुलिस मौके पर 2 घंटे की देरी से पहुंची है। बताया गया है कि पिछले साल इस तालाब में गणेश विसर्जन के दौरान दो जवान तैनात किए गए थे लेकिन इस साल कोई भी जवान तैनात नहीं किया गया। मामले में एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे का कहना है कि पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस का भव्य आयोजन



सीहोर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीहोर के नवीन कॉन्फ्रेंस हॉल में 24 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम मुख्यतः नशामुक्त भारत, स्वस्थ भारत, सशक्त भारत विषय पर केंद्रित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं सरस्वती वंदना के गायन से हुआ। इसके पश्चात कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का तिलक एवं पुष्पों से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथियों को पौधा, एनएसएस बैज एवं एनएसएस डायरी भेंट कर सम्मानित किया गया। एनएसएस स्वयंसेविका कशिश द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्कृष्ट विद्यालय, सीहोर के देवेंद्र कुमार राय रहे, जो विगत 16 वर्षों से प्रोग्राम ऑफिसर राष्ट्रीय सेवा योजना के रूप में विद्यालय में अपनी सेवाएं देते रहे हैं। विशिष्ट अतिथियों के रूप में एनएसएस के पूर्व स्वयंसेवक अमित शर्मा एवं आदित्य गौर उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अपने स्वागत उद्बोधन में मुख्य अतिथि देवेंद्र कुमार राय ने एनएसएस की उत्पत्ति, उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एनएसएस का मूल उद्देश्य समाज सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से एनएसएस की भावना को केवल गतिविधियों तक सीमित न रखकर अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने एनएसएस के मूल उद्देश्य 'शिक्षा द्वारा समाज सेवा एवं समाज सेवा द्वारा शिक्षा' की व्याख्या करते हुए एनएसएस के लोगो एवं आदर्श वाक्य के महत्व को भी स्पष्ट किया। ₹नशा मुक्त युवा फार विकसित भारत₹के संदर्भ में उन्होंने कहा कि 'नशा नाश का कारण है' और स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण के लिए युवाओं को नशे से दूर रहना आवश्यक है। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहिताशव कुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में सेवा भावना को रेखांकित करते हुए कहा कि सेवा भाव कर्तव्य, जिम्मेदारी एवं सामाजिक सरोकार से भी व्यापक भावना है। उन्होंने सेवा परमो धर्म को जीवन का महत्वपूर्ण आदर्श बताते हुए कहा कि निःस्वार्थ भाव से किया गया कर्म कभी निष्फल नहीं जाता। प्रकृति निःस्वार्थ सेवा करने वाले व्यक्ति को किसी न किसी रूप में अवश्य पुरस्कृत करती है। इसके पश्चात एनएसएस के पूर्व स्वयंसेवक आदित्य गौर एवं अमित शर्मा ने दिल्ली में आयोजित आरडीसी कैंप में अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने शिविर के दौरान प्राप्त अनुशासन, प्रशिक्षण, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता के अनुभवों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। कार्यक्रम के अगले चरण में एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इनमें कवितापाठ, एनएसएस लक्ष्य गीत का सामूहिक गायन, एकल नृत्य एवं समूह नृत्य प्रमुख रहे। प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उत्साह एवं ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों सुप्रिया गुप्ता , डॉ सिद्धनाथ खजूरिया, डॉ जितेन्द्र आर्य, प्रतीक गुप्ता एवं स्वयंसेवकों के समन्वय से किया गया । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थी, शिक्षक एवं एनएसएस स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजन ने विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा नशामुक्त, स्वस्थ एवं सशक्त भारत के निर्माण की भावना को सुदृढ़ करने का संदेश दिया।

एनएसयूआई बाबा साहेब के नाम पर नहीं करें राजनीति : जाटव



सीहोर। प्रधानमंत्री एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद कॉलेज प्राचार्य कक्ष में पहुंचकर शुक्रवार को संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर की तस्वीर भाजपा सीहोर मंडल के पदाधिकरियों कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति के निर्देशन में मंडल महामंत्री नीरज जाटव के नेतृत्व में कॉलेज प्राचार्य रोहिताश शर्मा की उपस्थिति में दीवार पर सम्मान पूर्वक लगाई। कॉलेज प्राचार्य और पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब अमर रहे के नारे भी लगाए।

भाजपा मंडल महामंत्री नीरज जाटव ने बाबा साहब की तस्वीर लगाने के बाद कहा कि कांग्रेस पार्टी की छात्र विंग एनएसयूआई बाबा साहब के नाम पर झूठी राजनीति कर रही है,सच यह है कि कांग्रेस ने कभी भी बाबा साहब को सम्मान नहीं दिया है यही कारण है कि अब कांग्रेस देश में जीरो पर आ गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जब से सत्ता में आई है तब से बाबा साहब के विचारों और उनके अनुयायियों को आगे बढ़ा रही है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने बाबा साहब को नमन करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के लोगों के पास आरोप लगाने के अलावा कोई काम नहीं है अच्छा हाल में छात्र-छात्राओं के द्वारा ही भंडारा आयोजित किया गया था यहां कोई नाच गाना नहीं चल रहा था। संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर हम सब के सम्माननीय महापुरुष है। कॉलेज की नई बिल्डिंग के प्राचार्य कक्ष में पहले से बाबा साहब की तस्वीर लगी हुई है जबकि पुरानी बिल्डिंग के प्राचार्य कक्ष में सफाई कार्य होने के चलते तस्वीर को हटाया गया था भाजपा कार्यकर्ताओं ने तस्वीर को सम्मान के साथ वापस स्थान पर लगा दिया है।

इस अवसर पर प्रदेश अनुसूचित जाति भाजपा कार्यकारिणी सदस्य रवि नागले, अक्षय चौहान पवन बोयत रोहित भगवान यश चौरसिया दीपक पाटीदार रवि राय कपिल अटेरिया, सत्येंद्र मंगरोलिया, रोहित सिट आदि उपस्थित रहे।

एक समय एक लय एक स्वर में हुआ वंदे मातरम गान

व्यक्ति में देश भक्ति का संचार करता है वंदे मातरम गान : विधायक सुदेश राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





नमामि भारत वंदे मातरम कार्यक्रम के अंतर्गत बंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में सामूहिक बंदे मातरम गान का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक सुदेश राय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वंदे मातरम व्यक्ति में देशभक्ति का संचार करता है वंदे मातरम देश की आजादी में महत्वपूर्ण स्थान रखता है हम भाग्यशाली हैं कि वंदे मातरम सामूहिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो रहे हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक सुदेश राय के द्वारा की गई। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संचालक भारत सोनी, शासकीय आवासीय खेलकूद विद्यालय के प्राचार्य आलोक शर्मा पर सम्मिलित हुए। मंच पर नमामि भारत वंदे मातरम कार्यक्रम के जिला संयोजक अनिल पालीवाल, कार्यक्रम संयोजक शोभा चांडक रहे। अतिथियों का सत्कार सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य जगन्नाथ सुहागपुर और शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा पुष्पालाएं पहनाकर किया गया। सामूहिक रूप से एक समय एक ले और एक स्वर में वंदे मातरम गया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं नागरिक उपस्थित रहे।

अमानक बीज विक्रय पर कार्रवाई, जिले के 9 बीज विक्रय केंद्रों के लाइसेंस निलंबित

सीहोर। कृषि विभाग के उप संचालक एवं पदेन अनुज्ञापन प्राधिकारी अशोक कुमार उपाध्याय द्वारा अमानक बीज विक्रय करने पर सीहोर जिले के 9 बीज विक्रय केंद्रों के बीज लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। इनमें सीहोर के मेसर्स सांई एग्रो भैरूंदा, मेसर्स सांई कृपा कृषि केन्द्र भैरूंदा, मेसर्स मारूती कृषि सेवा केन्द्र लाड़कुई, मेसर्स भाटीजी कृषि सेवा केन्द्र भैरूंदा, मेसर्स न्यू राकेश कृषि सेवा केन्द्र भैरूंदा, मेसर्स संस्कार कृषि सेवा केन्द्र भैरूंदा, मेसर्स रावल ट्रेडर्स भैरूंदा, मेसर्स न्यू राहुल एग्रो एजेंसी भैरूंदा, मेसर्स कृषि विकास केन्द्र कांकरखेड़ा इछावर शामिल है। कृषि उप संचालक अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि इन बीज विक्रेताओं के यहाँ से मक्का बीज के नमूने लेकर राज्य बीज परीक्षण प्रयोगशाला में परीक्षण के लिए भेजे गए थे। परीक्षण के बाद बीजों की अंकुरण क्षमता निर्धारित मानक से कम पाई गई। इसके साथ ही इन अमानक बीजों को बनाने वाली कंपनियों पर भी कार्रवाई की गई है, इन कंपनियों के उत्पादों को जिले में प्रतिबंधित कर दिया गया है। इनमें फोरजन सीड्स प्राइवेट लिमिटेड हेदराबाद तेलंगाना, एडवान्टा इंटप्राईजेज लिमिटेड मेड़चल मलकाजगिरी तेलंगाना, कार्नटेक सीड्स प्राईवेट लिमिटेड मेड़चल रोड़ प्लाट नं. 18 सिकंदराबाद तेलंगाना, संभवी एग्री सीड्स प्राइवेट लिमिटेड एस आर नगर हेदराबाद तेलंगाना, आश एग्री सांइस प्राइवेट लिमिटेड प्लाट नं. 69 सेकण्ड फ्लोर ब्लाग बीए कण्डल कोया गुन्डलापोचामपल्ली मेडचल मल्कारगीरी तेलंगाना, वायर क्राप साइंस लिमि. सेन्ट्रल एवेन्यू हीरानन्दनी थाने बेस्ट महाराष्ट्र, सीजेन्टा इंडिया प्रायवेट लिमि. अमर पेराडिजम सर्वे नं. 110/11/3 बानेटा रोड़ पुणे महाराष्ट्र, एल्डोराडो एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड मेडचल मल्काजगीरी हेदराबाद तेलंगाना, यगंती एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड प्लांट नं. 38 ग्रीन पार्क एवेन्यू नीयर सुचीत्रा सर्कल एनएच 47 हेदराबाद तेलंगाना शामिल है। उन्होंने बताया कि संबंधित विक्रय स्थलों के निरीक्षण कर शेष स्टॉक की जानकारी प्राप्त करने एवं आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

खबर संक्षेप

मुकेश मेहता को मिली हिंउस में मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी



रेहटी। हिंदू उत्सव समिति रेहटी की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में क्षेत्र के मुकेश मेहता को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बुधवार को जगदीश पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल पटेल ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें मेहता को मीडिया प्रभारी बनाया गया। नई जिम्मेदारी मिलने पर पत्रकारिता जगत के साथ-साथ सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने हर्ष व्यक्त किया वरिष्ठ पत्रकार गजराज सिंह चौहान, केशव चौहान, नरेंद्र यादव (जिला अध्यक्ष, मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ), कमलेश वैष्णव, सुमित शर्मा, के.एल. चौहान,शरण तिवारी,संदीप चौहान दिनेश रघुवंशी, सर्वेश चौहान, रोहित पंवार सहित अनेक पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

विश्व कल्याण के लिए बरखेड़ा में किया दुर्लभ जड़ी बूटियां से हवन



सीहोर। ग्राम बरखेड़ा में श्रीगणेश जन्मोत्सव इस वर्ष अत्यंत भव्य, भक्तिमय और अलौकिक रूप से आयोजित किया गया है श्रीगणेश युवा उत्सव समिति के अध्यक्ष पंडित सुनील शर्मा ने बताया कि गणेश चतुर्थी के इस परम पावन महापर्व पर संपूर्ण बरखेड़ा धाम को आध्यात्मिक चेतना और भक्ति के रंग में रंगने हेतु व्यापक तैयारियां ग्राम वासियों द्वारा की गई की गई थी आयोजन में उपाध्यक्ष गोलू विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष अमन पाटीदार, सचिव सुजल पाटीदार तथा ग्रामवासियों की उपस्थिति में शुक्रवार को शुभ मुहूर्त में विश्व कल्याण और क्षेत्र की सुख, शांति, समृद्धि और आरोग्य की कामना के साथ सर्वप्रथम शिव परिवार का षोडशोपचार विधि से पूजा अर्चना की। इस अवसर पर 'गो माता' की सेवा और संरक्षण का पवित्र संकल्प भी समस्त श्रद्धालुओं को दिलाया जाएगा। भगवान शिव शक्ति नंदन प्रथम पूज्य भगवान गणेश को मोदक और ऋतुफलों का दिव्य भोग समर्पित किया। प्रातः काल में सुप्रसिद्ध भजन मंडलियों द्वारा हरिनाम संकीर्तन और भव्य महाआरती संपन्न हुई। शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी के दिन विश्व कल्याण की भावना से विशेष वैदिक यज्ञ आयोजित किया।

पहले ग्रामीणों ने संभाला मोर्चा, फिर प्रशासन ने भरवाए सड़क के गड्ढे

बुधनी-गडरिया नाला-शाहगंज मार्ग पर चार माह से बनी थी समस्या, अब ग्रामीण भर रहे गड्ढे

पिछले करीब चार माह से बुधनी-गडरिया नाला-शाहगंज मार्ग की हालत खराब बनी हुई थी। पिछले 15 दिनों में स्थिति और अधिक खराब होने के साथ ही मार्ग पर दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी





बुधनी-गडरिया नाला-शाहगंज मार्ग क्रमांक 15 की बदहाल स्थिति को लेकर लगातार उठ रही आवाज का शुक्रवार को असर दिखाई दिया। सड़क के गड्ढों से परेशान ग्रामीण और बुधनी नगर के नागरिक शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे सड़क पर उतर आए और ट्रैक्टर-ट्रॉली,तगाड़ी व फावड़ों की मदद से गड्ढे भरने का काम शुरू कर दिया। ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने के लगभग 2 घंटे बाद प्रशासन की ओर से भी गड्ढे भरने के लिए मटेरियल से भरा ट्रक और मशीन मौके पर पहुंची, जिसके बाद सड़क के गड्ढों को पूरी तरह से भरने का काम कराया गया।

दरअसल, पिछले करीब चार माह से बुधनी-गडरिया नाला-शाहगंज मार्ग की हालत खराब बनी हुई थी। पिछले 15 दिनों में स्थिति और अधिक खराब होने के साथ ही मार्ग पर दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया था। मामले को लेकर विभिन्न मीडिया माध्यमों से लगातार सरकार और जनप्रतिनिधियों तक समस्या पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे थे। इसी बीच गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सोनू राजपूत ने एसडीएम संजीव कुमार नागू से सड़क की समस्या को लेकर चर्चा की थी। एसडीएम ने समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया था।

सोनू राजपूत ने प्रशासन को यह भी कहा था कि यदि शुक्रवार सुबह 11 बजे तक सड़क के गड्ढे नहीं भरे गए तो वे ग्रामीणों और नगरवासियों के साथ मिलकर गड्ढे भरने का काम शुरू करेंगे शुक्रवार सुबह निर्धारित समय पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और नागरिक मौके पर पहुंचे और स्वयं ही गड्ढे भरने का काम शुरू कर दिया। इसी दौरान प्रशासन की ओर से मटेरियल का ट्रक और मशीन मौके पर पहुंची, जिसके बाद गड्ढों को भरने का काम किया गया फिलहाल मार्ग के गड्ढों को भर दिया गया है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि केवल गड्ढे भरने से स्थायी समाधान नहीं होगा, बल्कि सड़क का तकनीकी रूप से पक्का निर्माण कराया जाना जरूरी है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सोनू राजपूत ने कहा कि यह पूरी तरह गैर राजनीतिक कार्यक्रम था। पिछले चार माह से सड़क खराब थी और आए दिन दुर्घटनाओं की स्थिति बन रही थी यह हमारे परिवार, क्षेत्र और समाज की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा था। बड़ी संख्या में ग्रामीणों और बुधनी नगर के नागरिकों ने सहयोग किया, जिसके चलते सड़क के गड्ढे भरने का काम किया गया। उन्होंने प्रशासन की ओर से किए गए सहयोग के लिए एसडीएम संजीव कुमार नागू का आभार व्यक्त किया और सड़क का स्थायी एवं तकनीकी रूप से पक्का निर्माण कराने की मांग की। इस दौरान कपिल मल्होत्रा, राकेश यादव, हरीश मालवीय, बसंत सिंह राजपूत, संतोष राजपूत, मुकेश कुशवाहा, प्रवीण चौहान, दिनेश राजपूत, धनराज यादव, अरुण यादव, गौरी यादव, अशोक यादव, मोहित मराठा, अजेश मराठा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और नागरिक मौजूद रहे।

ग्राम बोरदी कलां में कल होगा भूमिपूजन का कार्यक्रम

सीहोर। जिले की इछावर विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 के अंतर्गत स्वीकृत 36 मार्गों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन 27 सितंबर को किया जाएगा।

ग्राम बोरदी कलां, तहसील इछावर में प्रातः 11:30 बजे आयोजित होने वाले कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में विकास कार्यों का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम में पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा तथा प्रभारी मंत्री सीहोर एवं पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कृष्णा गौर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी।

श्रीमंगलमूर्ति गणेश मंडल ने महाआरती व महाप्रसादी का किया आयोजन

सीहोर। भाद्रपद मास अनंत चतुर्दशी और गणेशोत्सव के पावन पर्व पर संपूर्ण अंचल भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा है। पगरावदकलां स्थित बस स्टैंड पर स्थापित श्रीमंगल मूर्ति गणेश के तत्वावधान में देवाधिदेव भगवान गणेश महाराज के दरबार में एक भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, हर्षोल्लास और आध्यात्मिक चेतना के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाआरती एवं विशाल महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें संपूर्ण ग्रामवासी ईश्वर भक्ति के रंग में रंगे नज़र आए।



मंत्रोच्चार और शंखनाद से गुंजायमान हुआ वातावरण - धार्मिक विधिविधान एवं वैदिक रीति रिवाज के अनुसार पंडित मोहनलाल शर्मा एवं पंडित सुनील शर्मा के सानिध्य में भगवान श्री गजानन का विशेष श्रृंगार कर पूजन-अर्चन किया गया। तत्पश्चात विद्वान भूदेवों द्वारा किए गए वेद मंत्रों के सस्वर पाठ, शंखध्वनि, ढोल-नगाड़ों की थाप और गणपति बाप्पा मोरया के गगनभेदी जयकारों के बीच भगवान श्रीगणेशजी की भव्य महाआरती उतारी गई।

उपस्थित जनसमुदाय द्वारा क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि, अच्छी फसल और जन-स्वास्थ्य की आरोग्य कामना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कमल सिंह नेताजी, प्रवीण, सरपंच लाड़सिंह भैसानिया, जितेंद्र भट्टनिया, अमन शर्मा, कुलदीप शर्मा, आदित्य शर्मा, दीपक भैसानिया, शंकरलाल, भाविक बंधु, रवि गुरु, देवेंद्र शर्मा, पुष्कर, कुलदीप, रवि मंडलोई सहित मंडल के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में माताएं व युवा श्रद्धालु उपस्थित रहे।

ग्रामवासियों ने ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उपस्थित सभी धर्मप्रेमी बंधुओं का आभार व्यक्त किया।

शिविर में दिव्यांगजनों का चिकित्सकीय मूल्यांकन कर कृत्रिम उपकरण की आवश्यकता वाले बच्चों को चिन्हित किया

इछावर। शुक्रवार को जनपद शिक्षा केंद्र परिसर में एक दिवसीय दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद शिक्षा केंद्र के स्कूलों में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चे शामिल हुए। शिविर में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत दिव्यांग एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का चिकित्सकीय मूल्यांकन एवं कृत्रिम उपकरण की आवश्यकता वालों की पहचान की गई।



जनपद शिक्षा केंद्र पर समग्र शिक्षा अभियान के तहत आयोजित शिविर में एलिम्को जबलपुर की टीम द्वारा दिव्यांग बच्चों का चिकित्सकीय मूल्यांकन किया गया। इस दौरान ऐसे बच्चों की पहचान और जांच की गई , जिन्हें कृत्रिम उपकरण जैसे कान की मशीन , व्हीलचेयर , ट्राईसाईकिल , बैसाखी मैग्नीफाइंग ग्लास , सीपी चैयर , आईडी किट , वॉकर टॉयलेट पॉट , चश्मा , छडी, सीएलएम किट आदि की आवश्यकता है। जिन बच्चों के अभी तक दिव्यांग प्रमाण पत्र नही बने हैं, उनके प्रमाणपत्र बनवाने की प्रक्रिया की गई।

साथ ही जिन बच्चों के प्रमाण पत्र तीन वर्ष से अधिक पुराने हो चुके हैं उसका नवीनीकरण कराया गया। बीएसी शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में जनपद शिक्षा केंद्र के 10 जनशिक्षा केंद्र से मानसिक दिव्यांग, अस्थि बाधित, श्रवण बाधित, अल्प दृष्टि बाधित आदि दिव्यांग बच्चे शामिल शामिल हुए। जिनका विशेषज्ञों द्वारा चिकित्सीय परीक्षण किया गया एवं कृत्रिम उपकरण की आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान की गई। शिविर में प्रमुख रूप से बीआरसीसी सुभाष चन्द्र दूबे, एमईआरसी सुधा केलो दिया, बीएसी महेंद्र सिंह सिसौदिया, अशोक मालवीय, मनोज राठौर, घनश्याम वर्मा, अनिल करमोदिया, नरेंद्र सोलंकी, सीएसी धरम वर्मा सहित शिक्षक एवं पालकगण मौजूद थे।

छह माह से लंबित सूची शीघ्र जारी करने की मांग, आंदोलन की चेतावनी



सीहोर। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला शाखा सीहोर के अध्यक्ष कुन्दनलाल राय के नेतृत्व में शिक्षकों को चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान किए जाने की मांग को लेकर जिलाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा। श्री राय ने ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि संघ पदाधिकारियों ने बताया कि शिक्षकों के चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान की सूची करीब छह माह से तैयार होने के बावजूद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं जिलाधीश कार्यालय के बीच लंबित है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि सूची के संबंध में जानकारी लेने पर हर बार उसे लंबित बताया जाता है, जबकि प्रदेश के अन्य जिलों में शिक्षकों की सूची जारी हो चुकी है। ऐसे में सीहोर जिले के शिक्षकों में भी असंतोष बढ़ रहा है। राज्य कर्मचारी संघ ने मांग की कि शिक्षकों के हित को ध्यान में रखते हुए लंबित सूची को शीघ्र जारी कर चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ प्रदान किया जाए। संघ ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सूची जारी नहीं की गई तो संगठन द्वारा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में गोपाल सिंह ठाकुर, ओपी शर्मा, कुंदन लाल राय, सुधीर खापरे, बलराम पंवार, विनोद जोशी, अरुण जोशी, देवेंद्र आर्य, विक्रम सिंह मेवाड़ा, लखनलाल माहेश्वरी, संतोष जैन, बलवीर सिंह शाक्य, राजेंद्र शर्मा, धरमपाल गौतम, योगेश आर्य, गिरीश गुप्ता, मुकेश राठौर एवं लाड़ सिंह बकोदिया, दशरथ सिंह ठाकुर, विनय पाल, रागवेन्द्र दिक्षित, तसलीम अंसारी, अनिल शर्मा, सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के मंगल जयकारों के साथ किया प्रतिमाओं का विसर्जन

इछावर। 14 सितंबर से शुरू हुआ 12 दिवसीय गणेशोत्सव का शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी पर गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ समापन हो गया। ओम गं गणपतए नमः , गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ जैसे मंगल जयकारों के साथ नगर सहित संपूर्ण अंचल में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया गया। नगर में हर वर्ष की भांति इस बार भी प्रतिमाओं का विसर्जन लसूड़िया तालाब में किया गया।



हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ललित वर्मा ने बताया कि इस बार नगर में करीब डेढ़ दर्जन स्थानों पर पांडालों में प्रतिमाएं विराजित की गई थी , जबकि बड़ी संख्या में लोगों द्वारा घरों , मंदिरों और अन्य स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं को विराजित किया गया था। नगर की सभी प्रतिमाओं को पुराना बस स्टैंड स्थित परिसर में एकत्रित किया गया, इसके बाद शोभायात्रा निकालकर प्रमुख मार्गों से होते हुए आजाद चौक पहुंची , जहां हिन्दू उत्सव समिति द्वारा पांडाल आयोजकों को पुरस्कृत किया गया।

सार्वजनिक पांडालों की बड़ी प्रतिमाएं क्रेन की मदद से तालाब में विसर्जित की गई जबकि घरों , मंदिरों और अन्य स्थानों की छोटी प्रतिमाओं को ट्रैक्टर - ट्राली एवं अन्य वाहनों से ले जाकर विधि - विधान से विसर्जित की गई।


कलाकारों ने दिखाएं करतब : विसर्जन से पहले सार्वजनिक पांडालों की प्रतिमाओं को शोभायात्रा के रूप में विसर्जन घांट ले जाया गया। इस दौरान अखाड़े के कलाकारों ने कई हैरतअंगेज करतब दिखाए।

आर्यावर्त विश्वविद्यालय में विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर हुआ आयोजन

डॉ. प्रशांत त्रिपाठी बोले: धैर्य, निरंतरता और अनुशासन से बदल सकते हैं अपनी जिंदगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आर्यावर्त विश्वविद्यालय में शुक्रवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर फार्मेसी विभाग द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। मां सरस्वती के पूजन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में डेन-एशिया डेंटल ग्रुप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अभिनेता एवं मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. प्रशांत त्रिपाठी तथा सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर नरेंद्र सिंह राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। दोनों अतिथियों के प्रेरक संबोधन से पूरा सभागार उत्साह और ऊर्जा से भर उठा।

डॉ. प्रशांत त्रिपाठी ने भारत माता के जयघोष के साथ विद्यार्थियों से संवाद शुरू किया। उन्होंने कहा कि जीवन में परिस्थितियां चाहे कितनी भी चुनौतीपूर्ण हों, यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और व्यक्ति लगातार प्रयास करता रहे तो सफलता का रास्ता जरूर बनता है। उन्होंने विद्यार्थियों के जीवन से जुड़े कई प्रसंग साझा करते हुए अल्बर्ट आइंस्टीन, शहीद भगत सिंह और राजगुरु जैसे महान व्यक्तित्वों के जीवन संघर्ष और समर्पण का उल्लेख किया। उन्होंने विद्यार्थियों को धैर्य, निरंतरता, अनुशासन और अपने सपनों पर विश्वास बनाए रखने की प्रेरणा दी। उनके संबोधन के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिक्रिया दी और पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

नरेंद्र सिंह राजपूत ने फार्मासिस्ट की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था केवल चिकित्सक तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें फार्मासिस्ट की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि फार्मासिस्ट दवाओं की सही जानकारी, उनके सुरक्षित उपयोग और मरीजों की स्वास्थ्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा, "मुझे गर्व है कि मैं इस प्रोफेशन से जुड़ा हूं।" उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने पेशे को केवल रोजगार का माध्यम न मानें, बल्कि इसे समाज की सेवा और लोगों के जीवन को सुरक्षित बनाने की जिम्मेदारी के रूप में देखें।

फार्मासिस्टों ने ली समाजहित में सेवा की शपथ : कार्यक्रम के दौरान भारतीय भेषजी परिषद के निर्देशन में उपस्थित फार्मासिस्टों एवं विद्यार्थियों ने अपने पेशे की गरिमा बनाए रखने तथा समाज के हित में जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य करने की शपथ ली। सभी ने औषधियों के सुरक्षित एवं तर्कसंगत उपयोग को बढ़ावा देने, मरीजों के हित को प्राथमिकता देने तथा फार्मेसी पेशे के मूल्यों और दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) दीपक राज तिवारी, प्रतिकुलगुरु डॉ. गिरीश त्रिपाठी, कुलसचिव डॉ. अनुज सिंघई सहित फार्मेसी एवं अन्य विभागों के शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के फार्मासिस्ट शिक्षकों का सम्मान किया गया। विद्यार्थियों के लिए रंगोली, पोस्टर प्रस्तुति सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनके विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन फार्मेसी विभाग की सुश्री नेहा मीना ने किया। अंत में फार्मेसी विभाग की डॉ. सुजाता कुशवाहा ने अतिथियों, शिक्षकों, संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

चित्रकला प्रदर्शन के बाद बच्चों ने बनाए प्रोजेक्ट फिर दिया भाषण



सीहोर। सेवा संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों ने प्रगतिशील देश को लेकर चित्रकला की और भाषण दिया जिसके बाद विज्ञान प्रोजेक्ट भी प्रस्तुत किए। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीमती रूप श्री नागेश और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य आदर्श रूबी स्कूल यज्ञदत शर्मा ने ईसाइकिल, मिसाइल, वॉटर डिस्पेंसर के प्रोजेक्ट बनाने वाले छात्र-छात्राएं मोहम्मद जोहेब, अलीमा ,अहद, अली को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया। ईसी प्रकार कार्यक्रम के दौरान आयशा, समीर, अब्दुल्ला, अल्फिया, सिमरन, अरशद, नौशीन सहित अन्य बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम कस्बा क्षेत्र में संचालित न्यू आल ह्यूमन हाई स्कूल में सेवा संकल्प अतंर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से स्कूल प्राचार्य नौशे मियां, नायब खान सर, रशीद मियां शोयब और शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं पालक गण मौजूद रहे। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रूप श्री नागेश ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बुदनी, जिला सीहोर म.प्र.

कमांक/1089/रीडर/2026
बुधनी दिनांक 25.09.2026
प्र० क्र० 0033/अपील / 2025-26
पेशी दिनांकः 08.10.2026

:: सूचना पत्र ::

प्रेषती

1. श्रीमती जशोदा बाई पत्नि सुरेन्द्र कुमार पुत्री बारेलाल निवासी पुलिस लाईन, जहांगीराबाद भोपाल (म०प्र०)2. श्रीमती देवकीबाई पत्नि घनश्याम 3. श्रीमती जसमतिबाई पत्नि भोलू सिंह निवासी भीखनगांव पोस्ट भीखनगांव तहसील खरगोन जिला खरगोन (म०प्र०) 4. श्रीमती सविताबाई पत्नि स्व० गजराज अहिरवार 5. श्रेष्ठ अहिरवार आ० गजराज अहिरवार निवासी अदालत कॉलोनी वार्ड नं0 04 बुधनी तहसील बुधनी जिला सीहोर (म०प्र०) एतद् द्वारा इस सूचना पत्र से आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय मे प्रकरण कमांक 0033/ अपील/2025-26 ग्राम शाहगंज प्रचलित है जिसमे आप आवश्यक पक्षकार हैं। अतः आप समय 10:00 से 06:00 बजे तक पेशी दिनांक 08.10.2026 को स्वयं उपस्थित होकर या अपने प्रतिनिधि अधिवक्ता के माध्यम से पक्ष समर्थन रख सकते हैं। आपकी अनुपस्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही कर आदेश पारित कर दिये जायेंगे। आज दिनांक 24.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया है।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बुदनी

सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा महिला मोर्चा की विशेष संगठनात्मक बैठक आयोजित

सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाएं, ये कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर





भारतीय जनता पार्टी कार्यालय मंदसौर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत भाजपा महिला मोर्चा की विशेष संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री मोना सुस्तानी उपस्थित रहीं। उन्होंने आगामी दिनों में आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री मोना सुस्तानी ने आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम पर विशेष जोर देते हुए कहा कि कार्यकर्ता प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र पर पहुंचकर महिलाओं के बीच सक्रियता बढ़ाएं। केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर कार्य कर रही है। महिला उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं, महिलाओं से सीधा संवाद करें और आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम को सफल बनाएं।

कार्यों में नवाचार का आग्रह

बैठक में प्रियंका गोस्वामी ने भी अपने विचार रखते हुए सेवा कार्यों में नवाचार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता आंगनवाड़ी केंद्रों पर जाकर कुपोषित बच्चों एवं एनीमिया से पीड़ित महिलाओं की पहचान करें तथा यह विचार करें कि आंगनवाड़ी केंद्रों पर नई सेवा के रूप में क्या कार्य किए जा सकते हैं। उन्होंने सक्षम कार्यकर्ताओं से कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उनके स्वास्थ्य एवं पोषण की बेहतर देखभाल करने का भी आग्रह किया। इस अवसर पर मंदसौर नगरपालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने उपस्थित महिला कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निरंतर 25 वर्षों तक जनसेवा की है और उनका जीवन सेवा को समर्पित रहा है। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से सेवा कार्यों को आगे बढ़ाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जा सकती है।

पं. दीनदयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन प्रेरणादायी: सांसद गुर्जर

मंदसौर। भाजपा उत्तर व दक्षिण मण्डल के द्वारा संयुक्त रूप से पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्मजयंति के अवसर जिला चिकित्सालय के सामने स्थित पं. दीनदयाल उद्यान में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, भाजपा जिला उपाध्यक्षगण सुनील जैन महाबली, विनय दूबेला, जिला मंत्री पुलकित पटवा, भाजपा पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष धीरज पाटीदार, आदि ने पं. दीनदयालजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा भाजपा संगठन के निर्माण में उनके योगदान को स्मरण किया।

भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने अपने सम्बोधन में कहा कि पं. दीनदयालजी उपाध्याय का सम्पूर्ण जीवन कार्यकर्ताओं के लिये प्रेरणादायी है। उन्होंने हमें चरैवेति-चरैवेति का मंत्र दिया तथा दरिद्र नारायण अर्थात गरीबों की सेवा की प्रेरणा दी। उन्हीं की प्रेरणा से केंद्र सरकार व प्रदेश की भाजपा सरकार काम कर रही है। पं. दीनदयालजी का



सम्पूर्ण जीवन भी कार्यकर्ताओं के लिये प्रेरणादायी रहा है। उत्तर प्रदेश के छोटे से गांव में जन्मे पं. दीनदयालजी ने उच्च शिक्षा प्राप्त की वे चाहते तो सरकारी नौकरी कर आनंद का जीवन जी सकते थे लेकिन उन्होंने राष्ट्र के निर्माण के मिशन को चुना तथा भारतीय जनसंघ के संस्थापक प्रथम महामंत्री बने। उन्होंने प्रदेश में भ्रमण कर विचारधारा के पोषण का कार्य किया। आज हम सभी उन्हें नमन करते हैं।

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री मध्यप्रदेश अजय जामवाल लेंगे भाजपा की संभागीय बैठक

मंदसौर। भाजपा संगठनात्मक दृष्टि से मंदसौर संभाग के गठन के बाद प्रथम संभागीय बैठक क्षेत्रिय संगठन महामंत्री मध्य प्रदेश एवं नव मनोनीत संगठन महामंत्री महाराष्ट्र अजय जामवाल के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय मंदसौर स्थित शुभकामना रिसोर्ट पर दोपहर 3 बजे सम्पन्न होगी।



संभागीय बैठक में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवडा, प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया, संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, कैबिनेट मंत्री चौतन्य कश्यप, किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, सांसद सुधीर गुप्ता, सांसद अनिल फिरोजीया, सांसद अनिता नागरसिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्षगण राजेश दीक्षित, प्रदीप उपाध्याय, वंदना खण्डेलवाल, विधायकगण हरदिपसिंह डंग, चंदरसिंह सिसौदिया, ओमप्रकाश सकलेचा, दिलीपसिंह परिहार, माधव मारू, राजेन्द्र पाण्डे, चिंतामणी मालवीय, मथुरालाल डामोर, मंदसौर, रतलाम, नीमच के जिला भाजपा संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा, विवेक जोशी, सुभाष पटेल सहीत अन्य अपेक्षित श्रेणी के जनप्रतिनिधिगण संगठन पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

एक स्वर, एक लय में गूंजा वन्दे मातरम

विश्व कीर्तिमान हेतु सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान में सामूहिक गायन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मन्दसौर

देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत वातावरण में सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान की समस्त शाखाओं द्वारा एक स्वर, एक लय में वन्दे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। विद्या भारती के आह्वान पर देशभर में विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालयों एवं संस्थानों से जुड़े एक करोड़ से अधिक प्रतिभागियों द्वारा एक समय, एक स्वर और एक लय में वन्दे मातरम का सामूहिक गायन किया गया।

आयोजित इस राष्ट्रव्यापी अभियान में संस्थान के भैया-बहनों, समाजजनों, अभिभावकों, आचार्य परिवार एवं समस्त कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक निर्धारित समय प्रातः 11 बजे एक साथ, एक लय, एक स्वर में वन्दे मातरम के सामूहिक गायन का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए संस्थान की विभिन्न शाखाओं द्वारा यशोधर्मनसभागार, रामचरितमानस सभागार एवं अन्नपूर्णा सभागार पर सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। तीनों स्थानों पर मंचाशीन अतिथियों द्वारा वन्देमातरम के विषय पर उद्बोधन दिया गया, तीनों स्थानों पर 2212 की संख्या में उपस्थित प्रतिभागियों ने निर्धारित समय पर एक साथ वन्दे मातरम का गायन किया।

सामूहिक गायन के दौरान सम्पूर्ण परिसर राष्ट्रभक्ति के भाव से गूंज उठा। भैया-बहिनों एवं उपस्थित सभी जनों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ वन्दे मातरम का गायन किया। इस वन्दे मातरम के जयघोष से गूंजा सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान - एक स्वर, एक लय और एक संकल्प के साथ राष्ट्रभक्ति का यह आयोजन ऐतिहासिक सहभागिता का साक्षी बना।

महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया का दौरा आज

मंदसौर। प्रदेश की महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया 26 सितंबर को मंदसौर जिले के भ्रमण पर रहेगी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार सुश्री भूरिया 26 सितंबर को प्रात: 11:00 बजे जिले की लखमा खेड़ी आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में सम्मिलित होगी। इस दौरान पौधारोपण हितग्राहियों से चर्चा तथा पुरस्कार वितरण होगा। इसी दिन 11:50 बजे सर्किट हाउस मंदसौर आगमन होगा। मंदसौर में दोपहर 12:15 बजे उत्कृष्ट विद्यालय में सेवा संकल्प अभियान तथा राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम में शामिल होंगी। दोपहर 1:30 बजे मंदसौर शहर के आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगन मिलन सेवा अंतर्गत बच्चों तथा महिलाओं के स्वास्थ्य जांच कैंप में शामिल होंगी। दोपहर 3:00 बजे पार्टी बैठक में सम्मिलित होकर मंदसौर से ही शाम 6:00 बजे झाबुआ के लिए प्रस्थान कर जाएगी।

मद्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

आगामी मद्य निषेध सप्ताह 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक की अवधि में जिले में कलेक्टर श्री दिव्यांक सिंह के निर्देशन में कई कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य मद्यपान तंबाकू गुटका सिगरेट की लत तथा नशीले मादक द्रव्य पदार्थों के दुष्परिणामों से विद्यार्थियों तथा समाज को अवगत कराना नशाबंदी के पक्ष में वातावरण एवं चेतना का निर्माण करना है।

तंबाकू सिगरेट की लत तथा नशीले मादक पदार्थों के दुष्परिणामों से अवगत कराना उद्देश्य

मद्यनिषेध सप्ताह के अंतर्गत प्रथम दिवस 2 अक्टूबर को नशा मुक्ति के लिए जन जागृति के लिए रैली का आयोजन होगा, नुक्कड़ नाटक मंचन होंगे, नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशा मुक्ति पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी, सम्मिलित जन समूह को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई जाएगी। 3 अक्टूबर को स्कूलों में नशा मुक्ति विषय पर प्रतियोगिताएं, प्रश्न मंच, संगोष्ठी आयोजित किए जाएंगे। नशा पीड़ितों के उपचार के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। 4 अक्टूबर को ग्राम सभा में नशा मुक्त ग्राम बनाने संबंधी प्रस्ताव पारित कराए जाएंगे, नशाबंदी साहित्य का वितरण होगा। 5 अक्टूबर को ग्राम स्तर नगर स्तर पर स्थानीय व्हाट्सएप ग्रुप तैयार किए जाकर ग्रुप में नशा मुक्ति के संदेश तथा जन जागरूकता के लिए लघु फिल्में प्रेषित की जाएगी।

6 अक्टूबर को समस्त महिला स्वास्थ्य सहायता समूह शौर्य दलों द्वारा स्थानीय स्तर पर नशा मुक्ति संदेश का प्रचार प्रसार अभियान चलाया जाएगा। 7 अक्टूबर को ग्राम स्तर शहरी स्तर पर नशा मुक्ति अभियान के लिए बनाए गए मास्टर वॉलिंटियर नशा मुक्ति मित्रों के माध्यम से सभी स्कूल कॉलेज में अनिवार्यता ऑनलाइन नशा मुक्ति शपथ दिलाई जाएगी। 8 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर साप्ताहिक कार्यक्रम का जिला स्तरीय समापन कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, नशा मुक्ति पर आधारित नाटक मंचन आदि होंगे। आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कार वितरण तथा सहभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। सप्ताह के सातों दिन नशा नहीं करने की शपथ दिलाई जाएगी।

थाना प्रभारी पर फायरिंग करने वाले मुख्य आरोपी को 5 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा

मंदसौर। अपर सत्र न्यायाधीश श्रृंखला न्यायालय सीतामऊ मुनेन्द्र सिंह वर्मा द्वारा आरोपी अमजद पिता असगर खान पठान उम्र 47 साल निवासी ग्राम नयाखेड़ा थाना सीतामऊ जिला मंदसौर व सह अभियुक्तगण को पुलिस पर फायरिंग करने के अपराध में दोषी पाते हुये मुख्य आरोपी अमजद खान पठान को 05 वर्ष व सह अभियुक्तगण को 02-02 वर्ष के सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दण्डित किया गया। अभियोजन मीडिया प्रभारी/एडीपीओ बलराम सोलंकी द्वारा घटना के बारे में बताया कि दिनांक 23.11.2020 थाना प्रभारी अमित सोनी थाने से लंबित अपराधों की विवेचना में कस्बा भ्रमण हेतु गया था। भ्रमण के दौरान उन्हें मुखबीर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बेलारी का ईनामी फरार आरोपी अमजद खान वाहन क्रमांक एमपी 03 सी 1050 से घर आया हुआ है। उक्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी अमित सोनी और आरक्षक जितेन्द्र ग्राम बेलारी पहुंचे। इमरान खान के मकान के सामने कय्युम लाला, व चार अन्य लोग अमजद खान से चर्चा कर रहे थे, तभी अमजद खान को आवाज देकर पास बुलाया तो उसके साथी कय्युम लाला ने देखा कि यह तो टी.आई. है, इतने में आरोपी अमजद खान ने चिल्लाते हुये जेब से पिस्टल निकालकर टी.आई. अमित सोनी पर फायर किया, जो बंदूक की गोली उसके कान के पास से रगड़ती हुई निकल गई थी। फरियादी टी.आई. अमित सोनी ने थाने पर उक्त घटना की सूचना दी जिस पर से उनि. कपिल सौराष्ट्रीय मय हमराह फोर्स के घटना स्थल पर पहुंचा, जहां पर आरोपीगण फरार हो गये थे, उनकी तलाश की गई नहीं मिलने पर घटना कि रिपोर्ट थाना सीतामऊ पर अपराध क्रमांक 674/2020 के अंतर्गत शासकीय कार्य में बाधा सहित हत्या के प्रयास में आरोपीगण के विरूद्ध अपराध पंजी कर अनुसंधान के दौरान पुलिस द्वारा आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया और आरोपीगण से घटना में प्रयुक्त हथियार जप्त किये गये। अनुसंधान पूर्ण कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश किया गया था। अभियोजन पक्ष द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष पीडित सहित अन्य गवाहो के कथन करवाये गये थे अभियोजन साक्ष्य के आधार पर आरोपीगण को दोषी मानते हुये न्यायालय ने मुख्य आरोपी अमजद खान को 05 वर्ष के सश्रम कारावास एवं सह अभियुक्तगण को 02-02 वर्ष के सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दण्डित किया गया।

शासन की योजना की मदद से किराने की दुकान लगाई, विनोद का जीवन खुशहाल हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

शासन की योजना की मदद से मंदसौर जिले के ग्राम नांदवेल के रहने वाले विनोद खराड़ी के जीवन में खुशहाली आई है। विनोद 12वीं तक शिक्षित है परिवार में 5 सदस्य हैं। घर की खराब आर्थिक स्थिति के चलते उन्हें रोजगार की आवश्यकता थी, समाचार पत्रों के माध्यम से शासन की भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना की जानकारी मिली विनोद ने मंदसौर जनजाति कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग में संपर्क किया। कार्यालय द्वारा योजना की विस्तृत जानकारी विनोद को दी गई। इसके बाद विनोद द्वारा समस्त पोर्टल पर एमपी ऑनलाइन के माध्यम से अपना आवेदन योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत किया।

लगभग 2 वर्ष पूर्व विनोद ने गांव में किराना की दुकान का व्यवसाय प्रारंभ किया मेहनत और लगन के कारण उनकी दुकान अच्छी चलती है उनके परिवार की मासिक आय अब लगभग 20 से 22 हजार रुपए प्रत्येक माह हो जाती है।

निःशुल्क आयुर्वेद सर्व रोग चिकित्सा शिविर संपन्न

मंदसौर। 11वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर थीम ह्वस्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेदह्व के अंतर्गत कलेक्टर दिव्यांक सिंह के मार्गदर्शन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. बिंदु ध्रुव के निर्देशन में जिला प्रशासन एवं जिला आयुष विभाग द्वारा जामा मस्जिद के पास वार्ड क्रमांक 24 एवं 25 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर विशाल नि:शुल्क आयुर्वेद सर्व रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला आयुष अधिकारी डॉ. बिंदु ध्रुव, उपस्थित अतिथिगण एवं स्थानीय पार्षद द्वारा भगवान धन्वंतरि का पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के महत्व तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। शिविर में जिला आयुर्वेद चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा विभिन्न रोगों से संबंधित नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श एवं औषधि वितरण किया गया। मौसमी बीमारियों, डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, त्वचा रोग, पेट संबंधी रोग, पैरालिसिस तथा बालिकाओं एवं महिलाओं से संबंधित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का उपचार एवं परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में डॉ. कैलाशचंद्र मालवीय, डॉ. कमलेश धनोतिया, डॉ. शिल्पा मंडवारिया एवं डॉ. मोनिका यादव द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की गईं। चिकित्सकों ने मरीजों को उपचार एवं औषधियों के साथ-साथ आयुर्वेदिक जीवनशैली, संतुलित आहार-विहार, योगासन एवं स्वस्थ दैनिक दिनचर्या के संबंध में भी आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

पिपली वाले बालाजी मंदिर में महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी बांटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

नगर के प्रसिद्ध पुराना बस स्टैंड स्थित पिपली वाले बालाजी मंदिर पर आयोजित सात दिवसीय संगीतमय सप्ताह जी का गुरुवार को धार्मिक उल्लास के साथ समापन हुआ। सप्ताहभर मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर धर्मलाभ लिया। समापन अवसर पर गुरुवार दोपहर विशेष धार्मिक आयोजन के पश्चात विधि-विधान से महाआरती की गई। महाआरती के दौरान मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज के दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। महाआरती के बाद मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं धर्मप्रेमी मौजूद रहे। सप्ताह जी के दौरान प्रतिदिन धार्मिक वातावरण बना रहा तथा भजन-कीर्तन से मंदिर परिसर भक्तिमय नजर आया। आयोजन के समापन पर आयोजकों ने सप्ताह जी में सहयोग करने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

मेरे सपनों का भारत सेवा चित्र प्रतियोगिता का आयोजन किया

विद्यार्थियों को समाज व राष्ट्र के प्रति सेवा भाव रखने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



शासकीय महाविद्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मेरे सपनों का भारत (सेवा चित्र) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्टा की अध्यक्षता, संयोजक प्रो. दिव्यांश शर्मा , प्रो पितरुष धुर्वे, प्रो कनिज अंसारी, डॉ. वंदना चुटेल, ललित कुमार शर्मा के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्टा , ग्रंथपाल डॉ. पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार ने छात्र-छात्राओं को सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्य महत्व के संबंध मे विद्यार्थियों को समाज एवं राष्ट्र के प्रति सेवा भाव रखने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के मूल्यांकन हेतु निर्णायक समिति पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार, डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता, अंकित सिंह ने छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। छात्र-छात्राओं को जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया।

नमामि वंदे मातरम के अंतर्गत सामूहिक वंदे मातरम गायन का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ शामगढ़/मंदसौर

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में नमामि वंदे मातरम अभियान के अंतर्गत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिनांक 25 सितंबर 2026, शुक्रवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, शामगढ़ में सामूहिक वंदे मातरम गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के भैया-बहनों, आचार्य परिवार, पूर्व छात्र, समिति सदस्य, समाजजन, मीडिया प्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अमृत जैन, (कोषाध्यक्ष, विवेकानंद शिक्षण समिति, शामगढ़) उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सुरेश यादव, (मुख्य नगर कार्यपालन अधिकारी, शामगढ़), विशेष अतिथि बंसीलाल कारपेंटर (प्राचार्य, शा.उमावि शामगढ़), श्रीराम चौहान (उपाध्यक्ष, विवेकानंद शिक्षण समिति शामगढ़) तथा राजेश जी पाटीदार (सचिव, विवेकानंद शिक्षण समिति, शामगढ़) की गरिमामयी उपस्थिति रही।

हाईकोर्ट के निर्देश पर हुई कार्रवाई एसडीएम ने प्राचार्य को सौंपी चाबियां

विदिशा। प्रशासन ने बुधवार को कनारा क्रिकेट ग्राउंड का अधिकार स्कूल प्रबंधन को सौंप दिया। एसडीएम मनीष जैन, तहसीलदार प्रीतिपंथी और पुलिस बल की मौजूदगी कार्रवाई की गई। मैदान से जुड़े अलग-अलग स्थानों के ताले और उनकी चाबियां भी स्कूल के प्राचार्य को सौंप दी गईं। अब मैदान के उपयोग और व्यवस्थाओं को लेकर स्कूल प्रबंधन की भूमिका स्पष्ट हो गई है। एसडीएम मनीष जैन ने बताया कि मैदान पर क्रिकेट प्रशिक्षण पहले की तरह जारी रहेगा। आम नागरिक भी मैदान का उपयोग कर सकेंगे, लेकिन स्कूल के बच्चों की खेल गतिविधियों और उनकी सुविधा को प्राथमिकता दी जाएगी।

जिला पंचायत राजगढ़ की साधारण सभा की बैठक आयोजित

जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में विकास कार्यों व योजनाओं की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिला पंचायत सभाकक्ष में अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी, राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पर्वत लाल यादव सहित सभी जिला पंचायत सदस्य और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में निर्धारित एजेंडा बिंदुओं के अनुसार जिले में संचालित विकास कार्यों, विभागीय योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की गई। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण कार्य, पेयजल व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास तथा महिला एवं बाल विकास से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

जिला पंचायत सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की स्थानीय समस्याओं व आवश्यकताओं को सदन के समक्ष रखा और पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ दिलाने तथा स्वीकृत निर्माण कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराने की बात कही।मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने एजेंडा बिंदुओं की प्रगति प्रस्तुत की और संबंधित अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया ने कहा कि जिले के ग्रामीण अंचलों का समग्र विकास और आमजन तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करने पर जोर दिया।



खबर संक्षेप

बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

सीहोर। पयूर्षण महापर्व के नवे दिन शहर के चारो दिगम्बर जैन मंदिर जी मे श्रध्दालुओ ने भक्ति भाव से दस लक्षण धर्म के नवंम धर्म उत्तम आकिंचन धर्म मंडल विधान पूजन कर धर्म लाभ अर्जित किया। धार्मिक अनुष्ठान मे प्रथम मुख्य शांति धारा करने का सौभाग्य अमित कुमार राजेश कुमार जैन लिलेहरिया परिवार, विधान कर्ता परिवार, ललित कुमार वीरेंद्र कुमार जैन अन्य धार्मिक अनुष्ठान मे विधी विधान रंजन कुमार धर्मेंद्र ईशान जैन, प्रदीप कुमार दीपक कुमार हस्तीमल जी- प्रदीप कुमार , दीपक कुमार बाबूलाल, हेमंत कुमार कीर्ति कुमार जैन अमित कुमार राजेश कुमार बड़ा बाजार, सुनील कुम विमल कुमार जैन, मुक्ता पारस, संजय, किशोर, शीतल कुमार, बदामी लाल, प्रेमबाईं, आशा, निर्मल कुमार, रेखा, दर्श, पार्थ, तासु, प्रासू, पलक जैन लिलेहरिया परिवार को सौभाग्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौश्रान मां जिनवाणी विद्या संस्कार पाठशाला के बाली बालिकाओ ने शानदार मनमोहक सांस्कृतिक, धार्मिक नृत्य गान कर प्रस्तुतीकरण कर उपस्थित श्रध्दालुओ ने तालियो की आवाज से परिसर को गुंजायमान किया।

भजन मंडली ने बढ़ाया उत्सव का उत्साह

सीहोर। सियाराम कॉलोनी में सिया के राम गणेश उत्सव मंडल द्वारा भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा को विधि-विधान एवं भक्तिभाव के साथ विराजमान किया गया है। कॉलोनी के समस्त परिवारों द्वारा मिलकर गणपति उत्सव को श्रद्धा, आस्था और सामाजिक एकता के साथ मनाया जा रहा है। गणेश उत्सव के दौरान कॉलोनी के बच्चों द्वारा भगवान श्री गणेश जी के चरणों में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए भक्ति एवं संस्कृति का सुंदर संदेश दिया।

12 दिनों से चले गणेश उत्सव का अनंत चतुर्दशी पर समापन नदी, तलाब और कुंड में किया विसर्जन

अगले बरस आने का वादा कर बप्पा के भक्तों ने दी विदाई नाचते-गाते ढोल-नगाढ़ों के साथ निकाला विसर्जन जुलूस







खुशी और उल्लास के साथ भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन भी किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/जावर/खाचरोद

पिछले 12 दिनों से चल रहे गणेश उत्सव का शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी पर समापन हो गया। शहर और ग्रामीण इलाकों में 'गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारों के साथ गणपति बप्पा को विदाई दी गई। शहर में प्रतिमाओं का विसर्जन पार्वती नदी किनारे बने सर्वधर्म कुंड में किया गया। यहां सुरक्षा के पूरे इंतजाम थे। प्रशासन और पुलिस के बड़े अधिकारी भी मौजूद रहे। कन्नौद रोड पर स्थित काला तालाब पर भी छोटी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

पार्वती नदी के किनारे कुंड बनाया

नगर पालिका के सीएमओ विनोद कुमार प्रजापति ने बताया कि भगवान गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए पार्वती नदी किनारे सर्वधर्म कुंड पर पूरी व्यवस्था की गई थी। बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए क्रेन भी लगाई गई थी। गोताखोर भी वहां मौजूद थे। छोटी मूर्तियों के विसर्जन के लिए भी नगर पालिका की टीम तैनात थी। घरों में स्थापित प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए काला तालाब पर भी इंतजाम किए गए थे। गणपति बप्पा की विदाई की तैयारी सुबह से ही शुरू हो गई थी। पंडालों में पूजा-अर्चना कर आरती की गई। इसके बाद बड़ी प्रतिमाओं को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में रखकर ढोल-नगाड़ों के साथ समिति के सदस्य गुलाल उड़ाते हुए चल रहे थे।

200 से ज्यादा प्रतिमाएं थी स्थापित

हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष भूरू मुकाती ने बताया कि इस बार 200 से ज्यादा जगहों पर गणपति बप्पा की स्थापना की गई थी। उन्होंने लोगों से पार्वती नदी पर तय स्थान पर ही प्रतिमाओं का विसर्जन करने की अपील की। इस बार अनंत चतुर्दशी पर पूरे शहर में सुरक्षा व्यवस्था बेहतर की गई है। साथ ही गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए स्थलों पर सुरक्षा बेहतर की गई है। पार्वती नदी किनारे स्थित सर्वधर्म कुंड पर खुद एसडीएम मेहताब सिंह गुर्जर, सीएमओ विनोद कुमार प्रजापति और पार्वती थाना प्रभारी हरि सिंह परमार व्यवस्था संभालते हुए देखे गए।

रंग-गुलाल उड़ाते हुए जयकारों के साथ किया





खाचरोद। गणेश उत्सव का आयोजन क्षेत्र में उत्साह के साथ किया जा रहा था। जिसका समापन शुक्रवार को हो गया। श्री आदर्श मित्र मंडल के द्वारा ग्राम खाचरोद में 10 दिवसीय गणेश उत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। जितनी खुशी के साथ गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश की स्थापना की गई इतनी खुशी और उल्लास के साथ बाबा का विसर्जन भी किया गया। साथ में ग्राम की सुख समृद्धि के लिए भगवान गणपति जी से प्रार्थना की गई। भले ही वह पल भावुक करने वाला हो, लेकिन श्रद्धालु रंग गुलाल उड़ाते नाचते गाते बाबा का विसर्जन किया। विघ्नहर्ता गणेश भक्तों के सारे कष्ट हरते हैं और उन्हें जीवन में सुख समृद्धि प्रदान करते हैं। ग्राम खाचरोद व आसपास के क्षेत्र में गणपति विसर्जन बड़ी धूमधाम से किया। साथ में जिसमें श्रद्धालु बाबा को पालकी व झांकियां में बिठाकर रामपुरा डैम में विसर्जन के लिए पहुंचे जहां पर उन्होंने पूरे विधि विधान से बाबा की पूजा अर्चना आरती कर रामपुरा डैम में विसर्जन किया। इसी प्रकार खामखेडा, रोलागांव, बाड़खोला रामपुरा, आंवलीखेड़ा, बड़घाटी, नानकपुर, लसूडलिया विजयसिंह, पगारिया हाट, नौगांव, छापर, कन्नौज शिवजी आदि गांव में बाबा का विसर्जन बड़े धूमधाम से किया गया।

मांगों को लेकर ओबीसी वर्ग के प्रतिनिधियों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ओबीसी वर्ग को 87:13 का फॉर्मूला नहीं, बल्कि 27 प्रतिषत आरक्षण का पूरा हक चाहिए। इस बुलंद मांग के साथ पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष अरविंद जाताखेड़ा के नेतृत्व में आज एक विशाल प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते समय जिला अध्यक्ष अरविंद जाताखेड़ा ने कहा कि सरकार की त्रुटिपूर्ण नीतियों के कारण ओबीसी वर्ग के युवाओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ओबीसी समाज के पदाधिकारी, पीड़ति अभ्यर्थी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने एक सुर में अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाई जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ सहित कांग्रेस के एआईसीसी सदस्य हरपाल सिंह ठाकुर, अरविंद मेवाड़ा जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ कांग्रेस, महेश मुंदीखेड़ी, जितेन्द्र शोभाखेडी, जाहिद खान गुड्डू, गुलाब बाई ठाकुर, कमल सिंह चैहान, एच आर परमाल,महेंद्र टिपाखेड़ी, घनश्याम जांगड़ा, सन्नवर खान, राजकुमार मालवीय, राजेंद्र दरबार, चेतन सेमली बारी, फैज उद्दीन, तोशिफ उद्दीन, रशीद नेताजी, सईद टेलर, नवाब बेरी, दिग्विजय राजपूत,महेश वर्मा सेवदा, महेष मेवाडा, कमल ठाकुर, कमल मेवाड़ा, पुष्पराज जादौन, रिंकू नामदेव, मनीष खत्री, हरेंद्र नौगांव, टोनी कोठारी, अशोक मंडलोई, डाक्टर एजाज, देवबगश पटवारी, अखलेश बाबू राजपूत, राहुल पटरिया, शंकर सोनी, डॉ हरि मेवाड़ा, गोलू हाजीपुर, अकेसिंह बागैर, चेतन भाटी, अजय भाटी, फारूक पटेल, जितेंद्र वर्मा, शुभम मेवाड़ा, नाजिम पठान, बंशीलाल बाम्बे, निसार मसूदी, बन्ने खा मंसूरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

विश्व कल्याण के लिए बरखेड़ा में किया गया दुर्लभ जड़ी बूटियां से हवन

सीहोर। ग्राम बरखेड़ा में श्रीगणेश जन्मोत्सव इस वर्ष अत्यंत भव्य, भक्तिमय और अलौकिक रूप से आयोजित किया गया है श्रीगणेश युवा उत्सव समिति के अध्यक्ष पंडित सुनील शर्मा ने बताया कि गणेश चतुर्थी के इस परम पावन महापर्व पर संपूर्ण बरखेड़ा धाम को आध्यात्मिक चेतना और भक्ति के रंग में रंगने हेतु व्यापक तैयारियां ग्राम वासियों द्वारा की गई की गई थी आयोजन में उपाध्यक्ष गोलू विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष अमन पाटीदार, सचिव सुजल पाटीदार तथा ग्रामवासियों की उपस्थिति में शुक्रवार को शुभ मुहूर्त में विश्व कल्याण और क्षेत्र की सुख, शांति, समृद्धि और आरोग्य की कामना के साथ सर्वप्रथम शिव परिवार का षोडशोपचार विधि से पूजा अर्चना की 1 इस अवसर पर 'गौ माता' की सेवा और संरक्षण का पवित्र संकल्प भी समस्त श्रद्धालुओं को दिलाया जाएगा। भगवान शिव शक्ति नंदन प्रथम पूज्य भगवान गणेश को मोदक और ऋतुफलों का दिव्य भोग समर्पित किया। प्रातः काल में सुप्रसिद्ध भजन मंडलियों द्वारा हरिनाम संकीर्तन और भव्य महाआरती संपन्न हुई। शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी के दिन विश्व कल्याण की भावना से विशेष वैदिक यज्ञ आयोजित किया।

जावर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



भाजपा मंडल जावर द्वारा स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रांगण में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती मनाई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता बाबूलाल पटेल थे। अध्यक्षता भाजपा जावर मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर ने की विशेष अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष धारा सिंह पटेल वरिष्ठ, नेता विक्रम सिंह कप्तान, कल्याण सिंह ठाकुर, संजय अजमेरा, जिला मंत्री जय सिंह ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वेद, नपा उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में वरिष्ठ भाजपा नेता बाबूलाल पटेल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अजातशत्रु थे। उनका एकात्म मानववाद सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक है। अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की सेवा कैसे हो इसकी चिंता उन्होंने की थी। आज देश व प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार गरीब कल्याणकारी योजनाएं चलाकर गरीबों की सेवा कर रही है। यही एकात्म मानववाद है। मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर ने भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चरित्र पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शिवम सोनी, महामंत्री राजा ठाकुर, धर्मेंद्र मालवीय, दयाराम परिहार, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, पार्षद मदन विश्वकर्मा, प्रेम सिंह, बंटी राठौर, कैलाश सोलंकी, राजेंद्र सिंह सेंधव, धर्मेंद्र ठाकुर, सुनील लोधी, एल्डरमैन गोविंद राम मालवीय, हेमंत गोयल, मनोहर मालवीय, संजय मालवीय सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय बधिर दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में अंतरराष्ट्रीय बधिर दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार सोलंकी द्वारा की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को बधिर एवं श्रवण बाधित व्यक्तियों की समस्याओं, अधिकारों, आवश्यकताओं तथा उनके प्रति समाज की जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में टी.पी.ओ. एवं क्रीड़ा अधिकारी नीतू परवाल द्वारा विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बेसिक साइन लैंग्वेज के विभिन्न सामान्य संकेतों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक संकेत भाषा के मूलभूत संकेतों को सीखा और उनके माध्यम से अभिवादन, सामान्य बातचीत तथा दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले कुछ आवश्यक शब्दों एवं भावों को समझने का प्रयास किया। इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों में बधिर एवं श्रवण बाधित व्यक्तियों के साथ सहज रूप से संवाद करने का आत्मविश्वास विकसित करना था। कार्यक्रम का संचालन लखन सिंह अटेरिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को समानता, संवेदनशीलता, समावेशिता एवं मानवीय सहयोग का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यार्थियों के सामाजिक दायित्व एवं जागरूकता को बढ़ाने की दिशा में एक सार्थक पहल रहा।

नगर में निकली पोथी यात्रा, भागवत कथावाचक का पंडित सुनील कृष्ण व्यास का जैन समाज मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने किया स्वागत बहुमान



जावर। महिदपुर रोड नगर के विष्णु मंदिर में पोरवाल समाज द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के समापन के अवसर पर गत दिवस नगर में मधुर बैंड ढोल नगाड़ों एवं सैकड़ो श्रद्धालुओं की उपस्थिति में पोथी यात्रा निकली गई, सप्त दिवस में श्रीमद् भागवत कथा वाचक पंडित सुनील कृष्ण व्यास बेरछावाले द्वारा कथा का सुमधुर संगीत एवं गीतों के साथ श्रवण कराया गया। पोथी यात्रा एवं कथावाचक पंडित सुनील कृष्ण व्यास का स्वागत बहुमान पोथी यात्रा के दौरान नगर के सामाजिक कार्यकर्ता एवं जैन समाज मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी महिदपुर रोड के द्वारा किया गया। इस मंगलकारी पोथी यात्रा के अवसर पर सभी नगर वासियों एवं श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार प्रदर्शन

नारेबाजी कर चुनाव आयुक्त का जलाया पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



राहुल गांधी द्वारा देशभर में वोट चोरी के लगाए गए आरोपों के बाद आष्टा विधानसभा में ग्रामीण ब्लॉक व नगर कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। आज आष्टा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। राहुल गांधी के आरोपों का हवाला दिया प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी ने जिस तरह कर्नाटक के महादेवपुरा में 1 लाख फर्जी वोटों का खुलासा किया है, उसी तरह का खेल पूरे देश में भी किया जा रहा है। कांग्रेस का आरोप है कि बीजेपी की मददत फार्म-7 का गलत उपयोग कर हजारों मतदाताओं के नाम सूची से कटे कांग्रेस नेताओं ने कहा - राहुल जी ने सही कहा है, ये वोट चोरी नहीं, लोकतंत्र की हत्या है। चुनाव आयोग बीजेपी के साथ मिलकर विपक्ष के वोट काट रहा है और फर्जी वोट जोड़ रहा है। जब हमने डिजिटल वोटर लिस्ट मांगी तो आयोग ने देने से मना कर दिया।

नारेबाजी कर की जांच की मांग

तहसील चौराह पर आयोजित इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने वोट चोर गद्दी छोड़ो, चुनाव आयोग होश में आओ के नारे लगाए।कांग्रेस ने मांग की है कि चुनाव आयोग पारदर्शी तरीके से पूरी वोटर लिस्ट सार्वजनिक करे। फर्जी तरीके से नाम काटने वालों पर एफआईआर दर्ज हो। प्रदर्शन मुख्य रूप से एआईसीसी सदस्य हरपाल सिंह ठाकुर, महेश मुंदीखेड़ी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण, जितेन्द्र शोभाखेडी पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद खान गुड्डू,गुलाब बाई ठाकुर, कमल सिंह चौहान, एच आर परमाल, अरविंद मेवाड़ा जातखेड़ा, महेंद्र टिपाखेड़ी, घनश्याम जांगड़ा, सन्नवर खान, राजकुमार मालवीय, राजेंद्र दरबार, चेतन सेमली बारी, फ़ैज उद्दीन, तोशिफ उद्दीन, रशीद नेताजी, सईद टेलर, नवाब बेरी, दिग्विजय राजपूत, महेश वर्मा सेवदा, कमल ठाकुर, कमल मेवाड़ा, महेश सुलखेड़ी, पुष्पराज जादौन, रिंकू नामदेव, मनीष खत्री, हरेंद्र नौगांव, टोनी कोठारी, अशोक मंडलोई, डाक्टर एजाज, देवबगश पटवारी, अखलेश बाबू राजपूत, राहुल पटरिया, शंकर सोनी, डॉ हरि मेवाड़ा, गोलू हाजीपुर, टोनी कोठारी, अकेसिंह बागैर, चेतन भाटी, अजय भाटी, फारूक पटेल, जितेंद्र वर्मा, शुभम मेवाड़ा, नाजिम पठान, बंशीलाल बाम्बे, निसार मसूदी, बनने खा मंसूरी, राजेश सोलंकी, बलवान सिंह भाटी, लखन सिंह बापचा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

कार्यकर्ताओं ने वार्ड के बूथ पर मनाई पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती के अवसर पर आष्टा के वार्ड क्रमांक 15 स्थित बूथ क्रमांक 188 पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक गोपालसिंह इंजीनियर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन, विचारों एवं सार्वजनिक जीवन में उनके योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने और राष्ट्रहित को केंद्र में रखकर कार्य करने पर जोर दिया। उनके विचारों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है।कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील समिति, उमेश शर्मा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, नगर मंडल महामंत्री मोहित सोनी, बूथ अध्यक्ष निलेश कुमार शर्मा एडवोकेट, भूपेंद्र सिंह राणा एडवोकेट, जितेंद्र दुबे एडवोकेट, जीवन सिंह खजूरीया एडवोकेट, राजेश पचलासिया, सौरभ जैन, अवनीश पिपलोदिया, जितेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए सिद्धांतों एवं विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही।